कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-03.07.2024

विषय:- थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा 02 नफ़र शातिर लुटेरे 1- शैफ मोहम्मद व 2-मोहम्मद फैज गिरफ्तार, लूटा गया 01 अदद टोटो व 01 अदद मोबाइल फोन बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर कि सूचना पर मु0अ0सं0-0228/2024 धारा 392, 411 भा0द0वि0 थाना शिवपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1- शैफ मोहम्मद पुत्र नौसाद मोहम्मद निवासी चमरोटिया माल थाना कैन्ट वाराणसी व 2- मोहम्मद फैज पुत्र मुमताज निवासी एस 7/140 पक्की बजार थाना कैन्ट वाराणसी को दिनांक-02.07.2024 को समय करीब 23.35 बजे कानूडीह अण्डरपास के पास शिवपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से व उनकी निशानदेही पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित लूट का 01 अदद टोटो व 01 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्तगण शैफ मोहम्मद व मोहम्मद फैज ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मोबाईल हम दोनों ने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर करीब एक महीने पहले टकटकपुर तिराहे के पास से एक टोटो चालक से लूटा था। उक्त लूट मे हम लोगों ने टोटो चालक से उसका टोटो व कुछ रुपये भी डरा धमका कर उससे लूट लिया था। हमारे एक साथी द्वारा उक्त लूटी गयी टोटो की बैटरी व मोटर को कहीं बेच दिया गया है तथा टोटो की बैटरी व मोटर बेचने पर प्राप्त रुपयो में से उसने हम दोनों को 2000-2000/- रुपये दिये थे। प्राप्त रुपये हम लोगो ने खर्च कर दिये है तथा टोटो को हमने लवारिस हालत मे नरायण पार्क मे खड़ा कर दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1- शैफ मोहम्मद पुत्र नौसाद मोहम्मद निवासी चमरोटिया माल थाना कैन्ट वाराणसी, उम्र लगभग 22 वर्ष।

2- मोहम्मद फैज पुत्र मुमताज निवासी एस 7/140 पक्की बजार थाना कैन्ट वाराणसी, उम्र लगभग 24 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान , दिनांक व समय- कानूडीह अण्डरपास के पास शिवपुर के पास से दिनांक-02.07.2024 को समय करीब 23.35 बजे।

बरामदगी का विवरण- लूटा गया 01 अदद टोटो लाल रंग जिसका रजि0 संख्या यूपी 65 एलटी 2359 व चेचिस संख्या MCHJSAJU22F003188 तथा 01 अदद टेक्नो स्पार्क मोबाइल फोन आई0ई0एम0आई0 नं0-352450542960605 व 352450542960613 बरामद।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- उ0नि0 अनुज कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 राजेश कुमार सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4- हे0का0 हरिशंकर पाण्डेय थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5- हे0का0 अनिल गुप्ता थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी